महत्वपूर्ण एवं खास

डम्फर वाहन दिलाने का झांसा देकर 21 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर (आरएनएस)। निलामी में दो नग डम्फर वाहन दिलाने का झांसा देकर 21 लाख 50 हजार रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सतपता जिला सूरजपुर निवासी संतोष कुमार जायसवाल 52 वर्ष ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि एरिना होटल के सामने आरोपी ख्यालीराम पवैया ने प्रार्थी को निलामी में 2 नग डम्फर वाहन दिलाने का झांसा देकर 25 मई से 30 सितंबर 2022 के मध्य 21 लाख 50 हजार रुपए लेकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

लैब में पार्टनर बनाने का झांसा देकर 30 लाख की धोखाधड़ी

रायपुर (आरएनएस)। क्यूसीएसडीसी लैब में पार्टनर बनाने का झांसा देकर युवक से 30 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-1 डीडीनगर निवासी प्रार्थी मयंत पांडे 39 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसके परिचित आरोपी कौसर यास्मिन और चंद्रप्रकाश सावंत ने प्रार्थी को क्यूसीएसडीसी लैब में पार्टनर बनाने व ज्यादा पैसा कमाने का झांसा देकर प्रार्थी से 30 लाख रुपए अपने खाता में जमा करा दिया। जब आरोपियों ने प्रार्थी को पार्टनर नहीं बनाया, तो प्रार्थी ने अपना पैसा वापस मांगा। आरोपियों द्वारा पैसा नहीं देने पर प्रार्थी ने इसकी शिकायत डीडीनगर थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक के खाते से 16 हजार से अधिक की रकम पार

रायपुर (आरएनएस)। गुगल पे से मोबाइल रिचार्ज करने के दौरान अज्ञात आरोपियों ने युवक के खाते से 164300 रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मोखला आरंग निवासी प्रार्थी कैलाश शिवंजर 42 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपने मोबाइल फोन को गुगल पे के माध्यम से रिचार्ज कर रहा था। जिससे रिचार्ज नहीं हुआ और पैसा कट गया। जिससे सहायता करने के दौरान आरोपी अभिजीत खलवा व अन्य दो ने प्रार्थी बैंक खाते से 3 बार में 164300 रुपए आहरण कर लिया। जब इस बात की जानकारी प्रार्थी को हुई तो उसने इसकी शिकायत आरंग थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से नकदी 90 हजार पार

रायपुर (आरएनएस)। अग्रोहा कालोनी डीडीनगर स्थित सूने मकान का ताला तोडक़र अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे नकदी 90 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार अग्रोहा कालोनी निवासी प्रार्थी एसबी पांडे 28 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह 13 नवंबर से 23 नवंबर के मध्य अपने परिवार के साथ बाहर गया था। इस दौरान उसके सूने मकान का ताला तोडक़र अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे नकदी 90 हजार रुपए पार कर दिया। जब प्रार्थी वापस लौटा तो देखा, जिसके बाद उसने इसकी शिकायत डीडीनगर थाना में की। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए घर-घर अभियान

- धमतरी तहसील में अभिनव पहल
- पटवारी घर-घर जाकर लोगों से ले रहे हैं राजस्व प्रकरणों से संबंधित समस्याओं की जानकारी
- लोगों को घर पहुंचाकर दिए जा रहे हैं राजस्व अभिलेख, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र
- लोगों को पटवारी तहसील कार्यालय के नहीं लगाने पड़ रहे हैं चक्कर
- धमतरी तहसील के 70 हजार 643 खाताधारकों में से पटवारियों ने अब तक किया 19 हजार लोगों से घर जाकर संपर्क

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कलेक्टरों को राजस्व प्रकरणों त्वरित निराकरण के दिए गए निर्देशों के परिपालन में धमतरी जिले की धमतरी तहसील में घर-घर अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत पटवारी अपने हल्के के खातेदारों, किसानों के घर-घर जाकर उनकी राजस्व प्रकरणों से संबंधित जानकारी ले रहे हैं और निर्धारित प्रक्रिया के तहत राजस्व प्रकरणों का यथाशीघ्र निराकरण कर रहे हैं। लोगों को घर पहुंचाकर राजस्व अभिलेख, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं, इससे लोगों को पटवारी और तहसील कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ रहा है।

धमतरी तहसील में जिला कलेक्टर पी.एस.एल्मा के निर्देश पर 02 नवंबर 2022 से घर-घर अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत पटवारियों को निर्देश दिए गए हैं कि- प्रत्येक पटवारी अपने-अपने हल्कों के

समस्त ग्रामों में निवासरत खाताधारकों से व्यक्तिगत संपर्क करें। खाताधारकों के फौत की जानकारी होने पर वारिसानों की सूची भुईयां पोर्टल में अपलोड करें। संबंधित तहसीलदार, नायब तहसीलदार निर्धारित समयावधि के भीतर फौती नामांतरण के आदेश पारित करें।

पटवारियों को यह निर्देश भी दिए गए हैं कि घरों में भ्रमण के दौरान पटवारी निवासरत लोगों से जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र से संबंधित जानकारी लें और उन्हें आवश्यकता होने पर संबंधित दस्तावेज उपलब्ध करायें। पटवारियों को सप्ताह में कम से कम 02 दिन अपने-अपने हल्कों के स्कूलों में जाकर वहां अध्ययनरत विद्यार्थियों के शत्-प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बनाने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

घर-घर अभियान के तहत धमतरी तहसील अंतर्गत कुल 70 हजार 643 खाताधारकों में से पटवारियों द्वारा अब तक 19 हजार लोगों से संपर्क किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमतरी विभोर अग्रवाल से मिली जानकारी के अनुसार फौती नामांतरण के 370 प्रकरण भुईयां पोर्टल में दर्ज किये जाने हेतु प्रदान किया गया, जिस पर नामांतरण की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गयी है। इसी प्रकार 1806 लोगों को जाति प्रमाण पत्र हेतु आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराये गये। आर.बी.सी. 6-4 एवं अन्य 392 विविध प्रतिवेदनों को पटवारियों द्वारा आम जनता को प्रदान किया गया है।

धमतरी तहसील में कक्षा 6वीं से 12वीं तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के अध्ययनरत 20 हजार 233 विद्यार्थियों में से अब तक 15 हजार 274 विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाये जा चुके हैं। शेष विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र अतिशीघ्र बनाने की कार्यवाही की जा रही है।

घर-घर अभियान के तहत राजस्व विभाग का अमला घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर रहा है और लोगों की राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण में उचित सहयोग प्रदान कर रहा है। इस अभियान से लोग उत्साहित हैं। पटवारियों के घर, मोहल्ला, बस्ती में जाने के कारण आम जनता को पटवारी, तहसील कार्यालय का चक्कर नही लगाना पड़ रहा है, उनके समय और परिश्रम की बचत हो रही है। इससे लोगों को काफी राहत मिली है। इस अभियान के प्रारंभ होने पर इस तहसील के लोग मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति आभार प्रकट कर रहे हैं।

तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार द्वारा भी हल्कों में घूम-घूमकर पटवारियों के कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है। अभियान के तहत राजस्व विभाग का अमला अधिक से अधिक लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं का निदान कर पाएगा।

बेकाबू हुए हाथी, दो मकान ढहाने के साथ फसलों को किया चट

कोरबा (आरएनएस)। जिले के पसान रेंज में मौजूद 43 हाथियों का दल बेकाबू हो गया है। हाथियों के इस दल ने बीती रात रेंज के जलके सर्किल अंतर्गत आने वाले ग्राम नवामुड़ा ;पनगंवाद्ध में भारी उत्पात मचाते हुए दो ग्रामीणों के मकानों को ढहा दिया। तत्पश्चात खेतों में पहुंचकर व्यापक पैमाने पर वहां पक कर तैयार धान की फसल को मटियामेट कर दिया। हाथियों का उत्पात पूरे रात भर चला। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी हाथियों को खदेडऩे का प्रयास करते रहे। सुबह होने पर हाथियों ने खुद जंगल का रूख किया और उत्पात थमा। तब वन विभाग तथा ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

कटघोरा फारेस्ट डिविजन के जलके सर्किल में 43 हाथियों का दल पिछले एक सप्ताह से विचरण कर रहा है। इस दल ने क्षेत्र में उत्पात मचाकर वन विभाग के साथ. साथ ग्रामीणों के नाक में दम कर दिया है। शुक्रवार को यह दल शाम होने के बाद फिर एकाएक सक्रिय हुआ और जंगल से निकलकर नवामुड़ा गांव में पहुंचकर यहां के फिरतपारा मोहल्ले में उत्पात मचाते हुए हीरन सिंह एवं पवन नामक दो ग्रामीणों के मकान को ढहा दिया। हाथियों ने जिस समय मकानों को निशाना बनाया वहां कोई भी मौजूद नहीं था। वन अमला सूचना मिलने पर गांव पहुंचकर ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया था। वन विभाग की सक्रियता से कोई जनहानि नहीं हुई। उत्पाती हाथियों को काफी मशक्कत के बाद खदेड़ा गया। वन विभाग द्वारा खदेड़े जाने पर हाथी बस्ती से तो भाग गया लेकिन जंगल में न जाकर ग्रामीणों के खेतों में पहुंचकर फक कर तैयार धान की फसल को रौंद दिया। हाथियों की मौजूदगी खेत में काफी देर तक बनी रही। सुबह होने पर जंगल का रूख किया। इस दौरान वन विभाग अधिकारी व कर्मचारी हाथियों को खदेडऩे का प्रयास करते रहे। हाथियों के उत्पात से दो दर्जन ग्रामीणों की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। आज सुबह होने पर वन अमले ने खेतो में पहुंचकर नुकसानी का आंकलन किया और रिपोर्ट तैयार किया। कलगामार में बाउंड्रीवाल तोड़ा दंतैल ने वनमंडल कोरबा के करतला रेंज में एक दंतैल हाथी छाल रेंज की सीमा से फिर वापस लौट गया है। दंतैल ने यहां लौटने के साथ ही उत्पात भी मचाना शुरू कर दिया है। बीती रात अचानक पहुंचे इस दंतैल ने रेंज के कलगामार गांव में पहुंचकर प्राथमिक शाला के बाउंड्रीवाल को तोड़ दिया। दंतैल के पहुंचने तथा बाउंड्रीवाल तोड़े जाने की सूचना पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर दंतैल की निगरानी करने के साथ ही नुकसानी का आंकलन शुरू कर दिया है।

पोमरा मुठभेड़ में मारे गए चार नक्सलियों के शव बरामद

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के थाना मिरतुर क्षेत्रांतर्गत डीआरजी, एसटीएफ एवं सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी नक्सलियों के डीव्हीसीएम मोहन कड़ती, डीव्हीसी सुमित्र, मटवाड़ा एलओएस रमेश एवं अन्य 40 से अधिक नक्सलियों की ग्राम पोमरा और हल्लूर में मैजूदगी की सूचना पर शुक्रवार 25 नवम्बर की रात में अभियान पर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान 26 नवंबर को प्रात: लगभग 07:30 से 07: 45 बजे के मध्य पोमरा के जंगल में थाना मिरतुर से 14 किमी. पश्चिम दिशा में नक्सलियों में मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में जवानों ने 04 नक्सलियों को मार गिराया है, जिसमें 03 पुरूष एवं 01 महिला नक्सलियों का शव बरामद हुआ है, जिसकी शिनाख्त की जा रही है। इसके साथ ही 303 रायफल, 315 रायफल और मस्कट व अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया है। मारे गए माओवादियों की अब तक शिनाख्त नही हो पाई है। बीजापुर एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि पोमरा के जंगलों में हुई मुठभेड़ में 01 महिला एवं 03 पुरूष नक्सली सहित 04 नक्सली ढेर हुए हैं, नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं।

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए द्रविड़ शैली में बनाया जायेगा प्रवेश द्वार

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। मुख्यमंत्री के मंशानुरूप दंतेवाड़ा जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अब जिले में विशाल प्रवेश द्वार का निर्माण करते हुए स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। गीदम-दंतेवाड़ा राष्ट्रीय मार्ग 163 ए पर बनने वाले प्रवेश द्वार की लंबाई 18 मीटर, चौड़ाई 3.5 मीटर, ऊंचाई 12 मीटर होगी। प्रवेश द्वारों पर लिखा होगा मां दंतेश्वरी की पावन धरा दंतेवाड़ा में आपका हार्दिक अभिनंदन है। दर्शनार्थी अब जिले में प्रवेश करते ही भक्तिमय होते हुए मां का दर्शन करेंगे। शहर में आने वाले मुख्य मार्ग का सौंदर्यीकरण कर विशाल प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाएगा। दंतेवाड़ा शहर के मुख्य द्वार पर बनने वाला यह प्रवेश द्वार दक्षिण भारत के द्रविड़ शैली में बनाया जाएगा। प्रवेश द्वार के मध्य गुम्बद बना हुआ है। प्रवेश द्वार के मध्य में दंतेश्वरी मां के परिसर में लगे गरुण स्तम्भ की तर्ज पर गरुण स्तम्भ का ही स्वरूप देते हुए प्रतिमा लगाई जाएगी, जिसे काले पत्थरों से बनाया जाएगा। इसी तरह दंतेश्वरी मां के पास स्थापित मूर्ति के द्वारपाल जैसे दोनों स्तंभों में द्वारपाल की मूर्ति निर्मित की जाएगी, जिनके हाथों में त्रिशूल, भुजंग दण्डिका, गदा के साथ ही वरदहस्त हैं। द्वार को मंदिर से प्राप्त तत्वों के माध्यम से मां दंतेश्वरी के मंदिर के सदृश बनाया जायेगा। प्रवेश द्वार का मुख्य उद्देश्य मां दंतेश्वरी को चित्रित करना है, इस प्रवेश द्वार का ऊपरी हिस्सा लाल पत्थरों से निर्मित होगा दोनों स्तंभों के उपर शंख की प्रतिकृति बनाई जाएगी।

तेज रफ्तार मेटाडोर की चपेट में आने से दो बाइक सवार की मौत, एक घायल : घटना के बाद फरार हुआ आरोपी चालक

बिलासपुर। आरएनएस

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में तेज रफ्तार मेटाडोर की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हुई। इसके बाद मेटाडोर चालक रुकने के बजाय और तेजी से भागने लगा। उसने एक और बाइक को रौंद डाला। इसमें भी सवार एक युवक की मौत हो गई।

घटना शुक्रवार शाम करीब 7 बजे की है। मस्तूरी से मल्हार जा रहे स्वराज माजदा मेटाडोर सीजी 10 सी 6264 ने ग्राम टिकारी के पास सामने से आ रही बाइक को टक्कर मारी। बाइक सवार बुरी तरह घायल होकर वहीं तड़पता रहा। लोग उसे अस्पताल ले जाने के लिए उठा रहे थे इसी बीच उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मेटाडोर चालक रुका नहीं और वह तेजी से भागा। मल्हार की ओर बकरकुदा गांव में उसने दूसरे बाइक सवार को टक्कर मारी। उसकी भी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक के पीछे बैठे दूसरे युवक को गंभीर चोट आई। दूसरी बार दुर्घटना होने के बाद मेटाडोर का चालक उतरकर भाग निकला। इसमें दो महिलाएं भी सवार थीं। दुर्घटना के बाद वे भी तेजी से पैदल निकल गईं। राहगीरों की सूचना पर 112 की टीम और एंबुलेंस पहुंची। घायल को सिम्स चिकित्सालय बिलासपुर लाकर भर्ती कराया गया है, जबकि दोनों मृतकों का शव मस्तूरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मरच्युरी में रखा गया। सुबह शवों का पोस्टमार्टम किया गया। दोनों ही मृतकों के पास पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला। घायल की गंभीर होने के कारण उससे पूछताछ नहीं हो पाई है। दोनों बाइक नंबर सीजी 10 ईडी 7423 एवं सीजी 10 ईवाई 1025 के आधार पर जानकारी जुटाई जा रही है।

सड़क दुर्घटना में खलासी की उपचार के दौरान मौत

कोरबा (आरएनएस)। पोड़ी उपरोड़ा बांगों में सडक़ हादसे में घायल खलासी युवक की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मोत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को परिजन झारखंड प्रांत के गृहग्राम के लिए रवाना हो गए। झारखण्ड के गढ़वा जिले के गढ़वा थाना अंतर्गत पुरानी बस्ती निवासी आशीष कुमार पासवान उम्र 20 पिता बच्चन पासवान एक मालवाहक वाहन में खलासी के रूप में काम कर रहा था। कल एक अन्य वाहन के साथ हुई दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गयाए जिसे उपचार के लिए बांगों थाना अंतर्गत पोड़ी उपरोड़ा सीएचसी में भर्ती कराया गया था। वहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए कोरबा जिला अस्पताल देर रात को रेफर कर दिया गया।

बताया जाता है कि घायल खलासी युवक को रातों रात कोरबा जिला अस्पताल के लिए शासकीय एम्बुलेंस से रवाना किया गया। यहां उसे आज प्रात: 6.10 बजे लाये जाने पर जिला अस्पताल के आपातकालीन चिकित्सा कक्ष में पदस्थ चिकित्सक ने उसे परीक्षण के उपरांत मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक के आदेशानुसार अस्पताल के वार्ड ब्वाय द्वारा सूचना दिए जाने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने एक ओर जहां मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया वहीं दूसरी ओर दुर्घटना स्थल बांगों थाना अंतर्गत होने के कारण मर्ग डायरी बांगों पुलिस को रेफर किये जाने के तारतम्य में वैधानिक कार्रवाई कर रही है। एनएच 130 बी पर वाहन की ठोकर से बाईक सवार जख्मी नेशनल हाईवे 130 बी पर गत रात्रि हुए हादसे में एक युवक जख्मी हो गया। वह बाईक पर सवार था जिसे भारी वाहन ने कुचल दिया। मध्य रात्रि के बाद यह हादसा कटघोरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत खुटरीगढ़ चौराहे पर हुआ। नेशनल हाईवे का हिस्सा यहां से शुरू होता है। जिसके लिए चौराहे का निर्माण कराया गया है। बताया गया कि रात्रि को आवाजाही के दौरान भारी वाहन ने यहां पर एक सुनील चौहन को अपनी चपेट में ले लिया। युवक बाईक पर सवार था। बताया गया कि वह कामकाज निपटाने के बाद वह अपने घर जाने निकला था। तभी हादसा हुआ। यहां उपस्थित कुछ लोगों ने इस बारे में पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस 112 यहां पहुंची और पुलिस को कटघोरा के सरकारी अस्पताल भिजवाया। वहां पीडित का उपचार किया जा रहा है। इससे पहले एनएच पर कई जगह हादसे के बाद अध्ययन के साथ ब्लेकस्पाट हटाने की कार्रवाई की गई।

रबी सीजन में 43 हजार 680 हेक्टेयर में फसल लेने का लक्ष्य तय

- खेतों में नमी रबी फसल के लिए उपयुक्त

कोरबा (आरएनएस)। इस वर्ष सितंबर के अंत और अक्टूबर में वर्षा होने के कारण जमीन में नमी बनी हुई है। इस कारण रबी सीजन में अधिक से अधिक रबी फसलों के क्षेत्रअच्छादन में वृद्धि की जा सकती है। इस रबी सीजन कुल 43 हजार 680 हेक्टेयर में रबी फसल लेने का लक्ष्य तय किया गया है। कृषि विभाग द्वारा कृषि चौपाल के माध्यम से किसानों को रबी फसल लेने की सलाह दी जा रही है। कृषि विभाग के मैदानी अमले कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा किसानों

को पशुओं चराई रोकने एवं क्षेत्र विस्तार हेतु भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। रबी फसल के लिए समितियों में गेहूं, सरसों, मसूर एवं तिवरा बीज उपलब्ध है। उप संचालक कृषि अनिल शुक्ला ने बताया कि उतेरा फसल के लिए रबी फसल के बीज विकासखंडों में उपलब्ध करा दिया गया है। किसान कृषि केंद्रों में संपर्क कर बीज प्राप्त कर सकते हैं। किसान स्वयं का भी बीज उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मसूर बीज मिनीकिट जिले में पहली बार मंगाया गया है।

रबी फसल लेने वाले किसानों के लिए कृषि विभाग द्वारा समसामयिक सलाह जारी किया गया है। इसके तहत खेत की जुताई उपरांत 3 दिवस के अंदर फसल की बुवाई करने किसानों को सलाह दिया गया है। जिससे भूमि में नमी होने के कारण बीज का अंकुरण जल्दी हो सके। चने में बीज उपचार अवश्य करने कहा गया है। इसके लिए कार्बेंडाजीम दवा 1.5 ग्राम प्रति किलो बीज एवं राइजोबियम कल्चर 6 से 10 ग्राम तथा ट्राइकोडरमा पाउडर 6 से 10 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करने की सलाह दी गई है। चने के जिन खेतों में उकठा एवं कॉलर राट बीमारी का प्रकोप प्रतिवर्ष होता है, वहां चने के स्थान पर गेहूं, तिवड़ा, कुसुम एवं अलसी की बुवाई करने कहा गया है। किसानों को केले के फसल में मिट्टी चढ़ाने का कार्य करने की सलाह दी गई है। पपीता की फसल में हर 15 दिन के अंतराल में कॉपर ऑक्सिक्लोराइड का स्प्रे करने कहा गया है। शीतकालीन गोभी वर्गीय सब्जियों फूल गोभी, पत्ता गोभी एवं गांठ गोभी की अगेती किस्म डालने की सलाह दी गई है। टमाटर, बैंगन, मिर्च एवं शिमला मिर्च लगाने की तैयारी करने व थायरम एक ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करने भी कहा गया है। इसके अलावा इस माह मवेशियों के चारे के लिए बरसीम एवं जई की बुवाई करने की सलाह दी गई है। उप संचालक कृषि ने बताया कि विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी लेने, खेती किसानी से जुड़ी कोई भी समस्या के समाधान एवं कृषि सलाह लेने के लिए किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, विकासखंड में संचालित कृषि कार्यालय एवं जिला मुख्यालय में संचालित उप संचालक कृषि कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में जानेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU